Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 12 | पृथ्वी से परे

QUIZ PART-04

1. **ग्रहों की परिक्रमा करने वाले पिंडों को सामान्यतः क्या कहा जाता है?**
   A. तारे
   B. उपग्रह
   C. धूमकेतु
   D. आकाशगंगा (B)

*व्याख्या :* किसी ग्रह के चारों ओर घूमने वाले पिंडों को सामान्यतः उपग्रह कहा जाता है।

2. **ग्रहों के प्राकृतिक उपग्रहों को सामान्यतः क्या कहा जाता है?**
   A. चंद्रमा
   B. क्षुद्रग्रह
   C. तारा-मंडल
   D. धूमकेतु (A)

*व्याख्या :* ग्रहों के प्राकृतिक उपग्रहों के लिए सामान्यतः चंद्रमा शब्द का प्रयोग किया जाता है।

3. **पृथ्वी और मंगल के चंद्रमाओं की संख्या क्रमशः कितनी है?**
   A. दो और एक
   B. एक और चार
   C. तीन और दो
   D. एक और दो (D)

*व्याख्या :* पृथ्वी का एक प्राकृतिक उपग्रह है, जबकि मंगल के दो प्राकृतिक उपग्रह हैं।

4. **चंद्रमा को पृथ्वी की एक परिक्रमा पूरी करने में लगभग कितना समय लगता है?**
   A. 24 घंटे  B. एक वर्ष
   C. 27 दिन  D. 76 वर्ष (C)

*व्याख्या :* चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर लगभग 27 दिनों में एक चक्कर पूरा करता है।

5. **चंद्रमा का व्यास पृथ्वी के व्यास का लगभग कितना है?**
   A. आधा
   B. एक-चौथाई
   C. दोगुना
   D. तीन-चौथाई (B)

*व्याख्या :* चंद्रमा का व्यास पृथ्वी के व्यास का लगभग एक-चौथाई है।

6. **चंद्रमा पृथ्वी से लगभग कितनी दूरी पर है?**
   A. 3,84,000 किलोमीटर
   B. 15 करोड़ किलोमीटर
   C. 500 किलोमीटर
   D. 2,69,000 किलोमीटर (A)

*व्याख्या :* चंद्रमा पृथ्वी से लगभग 3,84,000 किलोमीटर दूर स्थित है।

7. **चंद्रमा के क्रेटर लंबे समय तक क्यों बने रहते हैं?**
   A. वहाँ लगातार वर्षा होती है
   B. वहाँ बहुत अधिक जल है
   C. वहाँ वायुमंडल नहीं है
   D. वहाँ घने वन हैं (C)

*व्याख्या :* चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं है। इसलिए उसकी सतह पर बने क्रेटर लंबे समय तक बने रहते हैं।

8. **चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग कब हुई?**
   A. 15 अगस्त 2023
   B. 14 जुलाई 2023
   C. 26 जनवरी 2023
   D. 23 अगस्त 2023 (D)

*व्याख्या :* चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की।

9. **सौर परिवार में अधिकांश क्षुद्रग्रह कहाँ पाए जाते हैं?**
   A. पृथ्वी और मंगल के बीच
   B. मंगल और बृहस्पति के बीच
   C. सूर्य और बुध के बीच
   D. यूरेनस और वरुण के बीच (B)

*व्याख्या :* अधिकांश क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह पेटी में पाए जाते हैं।

10. **धूमकेतु मुख्य रूप से किन पदार्थों से बने होते हैं?**
    A. केवल गर्म गैसों से
    B. केवल लोहे और निकेल से
    C. धूल, गैस, पत्थर के टुकड़ों और बर्फ से
    D. केवल जल और मिट्टी से (C)

*व्याख्या :* धूमकेतु धूल, गैसों, पत्थर के टुकड़ों और बर्फ से बने होते हैं।